वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 31 मार्च 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

भारतीय भाषाओं में फार्मेसी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन और आर्किटेक्चर की पुस्तकें तैयार करने की पहल स्वागतयोग्य: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, 22 भारतीय भाषाओं में फार्मेसी, इंजीनियरिंग, प्रबंधन और आर्किटेक्चर प्रोग्राम की पाठ्यपुस्तकें तैयार कराने के अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के प्रयासों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती है। भाषाएं केवल संचार का माध्यम नहीं, संस्कृति एवं संस्कार की वाहक भी हैं। भारतीय भाषाओं में नवीन विषयों से संबंधित ज्ञान के अवसर उपलब्ध होने तथा भाषाई बाधा दूर होने से विशेषतया देश के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की इन विषयों में नामांकन बढ़ने की संभावनाओं का निश्चित ही विस्तार होगा।

अभाविप के जयपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में विस्तृत चर्चा के बाद यह स्पष्ट मत दिया गया था कि विभिन्न क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों की पुस्तकें भारतीय भाषाओं में आनी चाहिए, जिससे भाषाई बाधा के कारण छात्रों के ज्ञानार्जन की समस्याएं दूर हो सकें। 'स्वभाषा में सम्पूर्ण ज्ञान' के भाव को इस तरह के कदम से प्रोत्साहन मिलेगा और देश की युवा पीढ़ी अपनी भारतीय परंपराओं में निहित ज्ञान के साथ नवीन विषयों को सहजता के साथ अपनी स्वभाषा में आत्मसात कर सकेगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "भारतीय भाषाओं में हमारी ज्ञान परंपरा संरक्षित है, हमारी शिक्षा व्यवस्था के आधुनिक मूल्यों को भारतीय परंपरा में निहित मूल्यों के साथ जोड़ा जाना अत्यावश्यक है। भारतीय भाषाओं में आधुनिक पाठ्यक्रमों की पाठ्यपुस्तकों को तैयार करना स्वागतयोग्य कदम है। अभाविप इस संबंध में स्पष्ट मत रखती है कि इन पुस्तकों का अनुवाद पठनीय तथा सरल होना चाहिए जिससे ज्ञान प्राप्ति में भाषाई जटिलताएं बाधा न बने।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)